


Ekta Anand

r. Ekta Anand
T.O., N.C.C. (S.W.)

Principal
Principal
M.P.N. College,
Mullana (Ambal



# हरियाणा गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर ने एनसीसी गतिविधियों का लिया जायज़ा

कमांडिग आफिसर के साथ स्टाफ व एनसीसी कैडेट्स। (छाया : रहमदीन)

बराड़ा, 10 मई (रहमदीन): महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय की एनसीसी सीनियर विंग का हरियाणा फर्स्ट गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग आफिसर शौर्य चक्र से सम्मानित कर्नल संजीव कुमार ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज में होने वाले एनसीसी के कार्यों एवं गतिविधियों की जानकारी ली। कॉलेज में पहुंचने पर उनका प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे व स्टाफ ने स्वागत किया। इस दौरान कैडेट्स ने उन्हें गार्ड आफ ऑनर दिया। इस अवसर पर कैडेट खुशी और कैडेट रजनीश ने पायलट की भूमिका निभाई। सीटीओ डॉ. एकता आनंद ने एनसीसी के कैडेट्स के लिए कॉलेज में उपलब्ध परेड ग्राउंड, एनसीसी ऑफिस तथा एनसीसी स्टोर का निरीक्षण करवाया। इस मौके पर कैडेट् काजल ने कविता और कैडेट् मुस्कान ने देशभक्ति का मनमोहक गीत प्रस्तुत किया। प्रिंसीपल डॉ. राजश्री खरे ने विद्यार्थियों को कहा कि उनके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है कि वह कर्नल संजीव कुमार शौर्य चक्र के नेतृत्व में लाभाविंत हो रहे हैं। सीनियर अंडर ऑफिसर खुशी द्वारा पिछले वर्षों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और एनसीसी में आने से व्यक्तित्व विकास के निजी अनुभव सांझा कर एनसीसी को युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरक व सशक्त माध्यम बताया। कमांडिंग ऑफिसर संजय कुमार शौर्य चक्र ने महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे, सीटीओ डॉ. एकता आनंद व कैडेट्स की प्रतिभागिता की सराहना की। उन्होंने कैडेट्स को कहा कि उन्हें अपनी पढ़ाई और एनसीसी के प्रति जोश बनाए रखना चाहिए। इस मौके पर सब स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।
















Ekta Anand

Dr. Ekta Anand
C.T.O., N.C.C. (S.W.)

Principal
Principal
M.P.N. College,
Mullana (Ambala)

**Blood Donation Camp on April 7, 2023**




# एम.पी.एन. कालेज में रक्तदान शिविर आयोजित



बराड़ा : रक्तदानियों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि। (छाया : रहमदीन)

बराड़ा, 7 अप्रैल (रहमदीन): महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज मुलाना में एनसीसी की सीनियर विंग व ईस्टिट्यूशन इनोवेशन काउंसिल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद नायब सिंह सैनी ने शिरक्त की। मुख्यातिथि ने रक्तदान शिविर के शुभारंभ के अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन एक पुनीत कार्य है। इस रक्त से हम किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद कर उसकी जान बचा सकते है। रक्त किसी फेक्ट्री में नहीं बनता इसलिए हम समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। उन्होंने कैंप में रक्तदान करने आए युवाओं का हौंसला बढ़ाया। प्रिंसिपल डॉ. राजश्री खरे व कॉलेज के कोषाध्यक्ष विपिन चंद्र पाल एवं प्रदेश सह-संयोजक (बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ) ने बताया कि इस कैंप का आयोजन शहिदों की याद में प्रिंसिपल नंदलाल शर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से करवाया गया। जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों व आसपास के गांव के लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

### शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्रित

इस कैंप में 51 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। सिविल अस्पताल अंबाला सिटी से आई डाक्टरों की टीम ने रक्त एकत्रित किया। रक्तदान कैंप में सीएमओ डॉ कुलदीप सिंह सिविल सर्जन व ब्लड बैंक, रेड क्रॉस, सोसायटी, अंबाला सिटी का विशेष सहयोग रहा। इस शिविर में आसपास के गांव के लोग मौजूद रहे। इस मौके पर कॉलेज की प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष डॉ. डीपी असीजा, उपाध्यक्ष मेजर एसपी सिंह (सेवानिर्वत), डॉ. शैली मनन (संयोजक), डॉ. एकता आनंद, अशोक जैन, सुरिन्द्र राणा, मोहित शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

Ekta Anand

**Dr. Ekta Anand**
**C.T.O., N.C.C. (S.W.)**

**Principal**

Principal
M.P.N. College,
Mullana (Ambal


**CELEBRATION OF MILLETS DAY ON APRIL 1, 2023**

# मोटे अनाज का सेवन बचाता बीमारियों से : प्राचार्या राजश्री




**जगमार्ग न्यूज**

**बराड़ा।** महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय मुलाना की एनसीसी (सीनियर विंग) द्वारा अंतरराष्ट्रीय वर्ष मिलेट (बाजरा) 2023 विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने विद्यार्थियों को बताया कि मोटा अनाज बनाना एवं खाना दोनों ही सुविधाजनक है। उन्होंने कहा कि मिलेट में पोषण भी अधिक होता है जिससे शरीर की इम्यूनिटी मजबूत होती है। डॉ. एकता आनंद, सीटीओ एनसीसी (सीनियर विंग) ने विद्यार्थियों को मिलेट के लाभों की जानकारी दी और बताया कि कैसे इसे अपने आहार में जोड़कर सेहत को बेहतर बनाया जा सकता है। अंत में कैडेट खुशी जोशी द्वारा रागी के लड्डू बनाने की विधि बताई गई। इस विधि के अलावा अन्य विधियों जो मिलेट को इस्तेमाल करके जैसे दलिया, खीर, डोसा, रोटी, पूरी जैसे आहार बनाने की जानकारी दी गई ताकि इसे खाकर बीमारियों से लड़ने की शक्ति मिले। इस मौके पर कॉलेज के सब स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।




Dr. Ekta Anand
C.T.O., N.C.C. (S.W.)

Principal
Principal
M.P.N. College,
Mullana (Ambala)

**CELEBRATION OF REPUBLIC DAY ON JANUARY 26, 2023**



Ekta Anand

**Dr. Ekta Anand**
**C.T.O., N.C.C. (SW)**

**Principal**
Principal
M.P.N. College,
Mullana (Ambala)

**<u>CELEBRATION OF NATIONAL UNITY DAY ON OCTOBER 31, 2022</u>**






Dr. Ekta Anand
C.T.O, N.C.C. (S.W.)

Principal
Principal
M.P.N. College,
Mullana (Ambala)

<u>**SWATCHATA ABHIYAN OCTOBER 2, 2022**</u>





Ekta Anand

**Dr. Ekta Anand**
**C.T.O., N.C.C. (S.W.)**

**Principal**
Principal
M.P.N. College,
Mullana (Ambala)

**NEW ENROLLMENT VISIT BY BN. ON SEPTEMBER 19, 2022**







Ekta Anand
**Dr. Ekta Anand**
**C.T.O., N.C.C. (S.W.)**

**Principal**
Principal
M.P.N. College,
Mullana (Ambala)

Mullana (Ambala)

# MOTIVATIONAL PROGRAMME ON SEPTEMBER 29, 2022





दैनिक भास्कर अम्बाला भास्कर 30-09-2022

दैनिक भास्कर

## एनसीसी कैडेट्स ने नदियों को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई



मुलाना | महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज की महिला एनसीसी यूनिट की ओर से नदी उत्सव अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मुलाना में मारकंडा नदी के किनारे किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एकता के नेतृत्व में इस कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने लोगों को नदियों के महत्व, नदी प्रबंधन व नदियों के पानी को स्वच्छ रखने के बारे में जागरूक किया। नदी क्षेत्र में पड़े कचरे को साफ किया। छात्राओं ने वहां उपस्थित लोगों से नदियों में कचरा न डालने की अपील की। इस दौरान सभी ने भविष्य में नदियों को स्वच्छ रखने का प्रण भी लिया।

**ATC CAMP AT ARYA GIRLS COLLEGE, AMBALA CANTT ON AUGUST 13 TO 20, 2022**





कालेज स्टाफ के साथ विजेता प्रतिभागी। (छाया : रहमदीन)

# जल संरक्षण विषय पर प्रतियोगिता आयोजित

बराड़ा, 27 अप्रैल (रहमदीन): महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय मुलाना में उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे जल शक्ति अभियान के अंतर्गत आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा 'जल का महत्व एवं संरक्षण' विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों में जल संरक्षण के लिए जागरूकता उत्पन्न करने का यह एक उपयुक्त प्रयास है। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और जल के बिना जीवन की परिकल्पना भी व्यर्थ है। आइक्यूएसी. समन्वयक डॉ. विजय चौहान ने छात्रों को इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम की संचालक डॉ. शैली मनन, सह-संचालक डॉ. एकता आनंद एवं डॉ. सोनिया ने इस आयोजन की सफलता सुनिश्चित की। इस प्रतियोगिता में बी कॉम सैकेंड ईयर के वंशित ने प्रथम, बीए फर्स्ट ईयर के सौरव कुमार ने द्वितीय व एमए संस्कृत सैकेंड ईयर के अमित कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगी में 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को योग्यता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया।

## करनाल में 39 नये कोरोना पॉज़िटिव

करनाल, 27 अप्रैल (बिशपाल राणा): सिविल सर्जन डॉ. योगे कुमार ने बताया कि वीरवार को जिल में कोरोना के 39 नये पॉजिटिव के मिले हैं, जबकि 43 व्यक्ति ठीक हुए है

## जल संरक्षण विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया

बराड़ा, (जगमार्ग न्यूज)। महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय मुलाना मे उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे जल शक्ति अभियान के अंतर्गत आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा 'जल का महत्व एवं संरक्षण' विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा



कि छात्रो मे जल संरक्षण के लिए जागरूकता उत्पन्न करने का यह एक उपयुक्त प्रयास है। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और जल के बिना जीवन की परिकल्पना भी व्यर्थ है। आइक्यूएसी. समन्वयक डॉ विजय चौहान ने छात्रो को इस प्रतियोगिता मे बढ़-चढ़कर भाग लेने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम की संचालक डॉ. शैली मनन, सह-संचालक डॉ एकता आनंद एवं डॉ. सोनिया ने इस आयोजन की सफलता सुनिश्चित की। इस प्रतियोगिता मे बी कॉम सेकंड ईयर के वंशित च्वहाण ने प्रथम, बीए फर्स्ट ईयर के सौरव कुमार ने द्वितीय व एमए संस्कृत सेकंड ईयर के अमित कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगी मे 28 प्रतिभागियो ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को योग्यता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया।

## जल संरक्षण विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया

बराड़ा, (जगमार्ग न्यूज)। महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय मुलाना में उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे जल शक्ति अभियान के अंतर्गत आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा 'जल का महत्व एवं संरक्षण' विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों में जल संरक्षण के लिए जागरूकता उत्पन्न करने का यह एक उपयुक्त प्रयास है। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और जल के बिना जीवन की परिकल्पना भी व्यर्थ है। आइक्यूएसी. समन्वयक डॉ. विजय चौहान ने छात्रों को इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम की संचालक डॉ. शैली मनन, सह-संचालक डॉ. एकता आनंद एवं डॉ. सोनिया ने इस आयोजन की सफलता सुनिश्चित की।

Principal

Principal
M.P.N. College,
Mullana (Ambala)

# ऑनलाइन प्लास्टिक मुक्त जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बराड़ा, 5 जून (रहमदीन): महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज मुलाना ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर 'इंस्टिट्यूशन इनोवेशन काउंसिल' तथा नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर के संयुक्त सहयोग से राज्यस्तरीय ऑनलाइन 'प्लास्टिक मुक्त जागरूकता' अभियान की शुरुआत की गई। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने बताया कि आज के समय में देश को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए कई कोशिशें की जा रही है। उन्होंने बताया कि विश्व को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए संकल्प लेना होगा ताकि समूची मानव जाति का बचाव हो सके। प्लास्टिक को पुन: प्रयोग किया जा सकता है, इसलिए प्लास्टिक को इधर-उधर फेंकने की बजाय उसे पुन: प्रयोग करने के लिए दे देना चाहिए। ऐसा करने से प्रकृति को ज्यादा नुकसान नहीं हो पाएगा द्य संयोजक डॉ. शैली मनन ने बताया कि इस ऑनलाइन अभियान में कॉलेज के विद्यार्थियों के अलावा प्रदेश के आसपास के क्षेत्रों से अनेक विद्यार्थियों, शिक्षक-गण, गैर- शिक्षक-गण तथा सामान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अभियान के दौरान सभी ने स्टील की बोतल के साथ सेल्फी लेकर शपथ ली कि हम प्लास्टिक का इस्तेमाल कम से कम करेंगे। डॉ. एकता आनंद (सह-संयोजक) तथा डॉ. आशुतोष शर्मा (आयोजन सचिव) ने इस अभियान की सफलता सुनिश्चित की।



अभियान के बारे में जागरूकता फैलाते हुए प्राचार्य डॉ. राजश्री खरे। (छाया : रहमदीन)

Principal

Principal
M.P.N. College,
Mullana (Ambala)

**MEDIA COVERAGE**

# महिलाओं और बौद्धिक संपदा अधिकार पर राष्ट्रीय वेबिनार में की चर्चा



जगमार्ग न्यूज

बराड़ा। महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय, मुलाना में इंस्टीट्यूशन इनोवेशन कार्उंसिल द्वारा महिलाओं और बौद्धिक संपदा अधिकार के नवाचार और रचनात्मकता पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार के मुख्य वक्ता डॉ राहुल तनेजा, वैज्ञानिक (पी.आई.सी.); सदस्य स्टेट कार्उंसिल विज्ञान, नवाचार और तकनीकी; विज्ञान और प्रौद्योगिकी निदेशालय; उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा से रहे । उन्होंने वेबिनार के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं और बौद्धिक संपदा के अधिकारों की जानकारी होना आज के युग में अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पेटेंट, ट्रेडमार्क, औद्योगिक डिजाइन, कॉपीराइट की भूमिका के बारे में हम कैसे जागरूकता फैला सकते हैं। डॉ. तनेजा द्वारा यह भी बताया गया कि बौद्धिक संपदा का अधिकार कानूनी अधिकार है जो मनुष्य की मानसिक रचनाओं जैसे अविष्कार, साहित्यिक रचनाओं, कलात्मक कार्य (प्रतीक, नाम और डिजाइन) की रक्षा करते हैं। इन अधिकारों में पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, ट्रेड सीक्रेट और सुरक्षा के अन्य रूप भी शामिल है। महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया डॉ. राजश्री खरे के द्वारा बताया गया कि इस वेबिनार का आयोजन विश्व बौद्धिक संपदा दिवस 2023 को मनाने के लिए किया गया है। इस वेबिनार का उद्देश्य कॉपीराइट, पेटेंट और ट्रेडमार्क के दैनिक जीवन पर प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ने के लिए किया गया है। सत्र की अध्यक्षता वेबिनार की संचालक डॉ. शैली मनन द्वारा की गई। अंत में धन्यवाद प्रस्ताव वेबिनार की सह-संचालक डॉ. एकता आनंद द्वारा किया गया। इस वेबिनार में विभिन्न राज्यों के लगभग 95 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# महिलाओं व बौद्धिक संपदा के अधिकारियों की जानकारी होना बेहद जरुरी

बराड़ा। महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय, मुलाना में इंस्टीट्यूशन इनोवेशन कार्उंसिल द्वारा ह्लमहिलाओं और बौद्धिक संपदा अधिकार के नवाचार और रचनात्मकताह्न पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार के मुख्य वक्ता डॉ राहुल तनेजा, वैज्ञानिक (पीआईसी) रहे । उन्होंने बताया कि महिलाओं और बौद्धिक संपदा के अधिकारों की जानकारी होना इस युग में अति आवश्यक है। पेटेंट, ट्रेडमार्क, औद्योगिक डिजाइन, कॉपीराइट की भूमिका के बारे में जागरुकता भी बेहद जरुरी है। तनेजा द्वारा यह भी बताया गया कि बौद्धिक संपदा का अधिकार कानूनी अधिकार है जो मनुष्य की मानसिक रचनाओं जैसे अवष्किार, साहत्यिकि रचनाओं, कलात्मक कार्य (प्रतीक, नाम और डिजाइन) की रक्षा करते हैं। इन अधिकारों में पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, ट्रेड सीक्रेट और सुरक्षा के अन्य रूप भी शामिल है।

# महिलाओं और बौद्धिक संपदा अधिकार पर राष्ट्रीय वैबीनार में चर्चा

बराड़ा, 25 अप्रैल (रहमदीन): महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय मुलाना में इंस्टीट्यूशन इनोवेशन कार्उंसिल द्वारा 'महिलाओं और बौद्धिक संपदा अधिकार के नवाचार और रचनात्मकता' पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार के मुख्य वक्ता डॉ. राहुल तनेजा, वैज्ञानिक (पी.आई.सी.), सदस्य स्टेट कार्उंसिल विज्ञान, नवाचार और तकनीकी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी निदेशालय, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा से रहे। उन्होंने वेबिनार के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं और बौद्धिक संपदा के अधिकारों की जानकारी होना आज के युग में अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पेटेंट, ट्रेडमार्क, औद्योगिक डिजाइन, कॉपीराइट की भूमिका के बारे में हम कैसे जागरूकता फैला सकते हैं।

Principal

Principal
M.P.N. College,
Mullana (Ambala)

# पोस्टर बनाने में सौरभ ने मारी बाजी

## मुलाना के महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज में विज्ञान दिवस का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी




एमपीएन कॉलेज में विजेताओं को पुरस्कृत करते प्रिंसिपल व अन्य। संवाद

**वैशाली रही द्वितीय तो रेणु ने तीसरा स्थान हासिल किया**

मुलाना। महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज मुलाना में आईआईसी इंस्टीट्यूशन कौंसिल के तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और प्रदर्शनी लगाई। इस कार्यक्रम का विषय विज्ञान की हमारे दैनिक जीवन में प्रासंगिकता था।

इसमें लगभग 23 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने न केवल पोस्टर बनाए बल्कि अपनी कला की प्रदर्शनी भी लगाई। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. शैली मनन में बताया कि कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रूचि विकसित करना और इसके महत्व को समझना है।

डॉ. एसके शर्मा, डॉ. सीके झा और डॉ. एकता आनंद ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में सौरव कुमार प्रथम, वैशाली द्वितीय और रेणु तृतीय स्थान पर रही। विजेताओं को प्राचार्य डॉ. राज श्री खरे द्वारा नकद राशि और प्रशंसा पत्र की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

**Amar Ujala, March 01, 2023**

दैनिक भास्कर

## अम्बाला भास्कर 01-03-2023

## पोस्टर मेकिंग में महाराणा प्रताप कॉलेज का सौरव प्रथम




मुलाना | महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज मुलाना में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय विज्ञान की हमारे दैनिक जीवन में प्रासंगिकता था। प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस महान भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन द्वारा रमन इफेक्ट के अविष्कार की याद में मनाया जाता है। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. शैली मनन ने बताया कि कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रूचि विकसित करना है। डॉ. एसके शर्मा, डॉ. सीके झा एवं डॉ. एकता आनंद ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में सौरव कुमार प्रथम, वैशाली द्वितीय व रेनु तृतीय स्थान पर रही।

**Dainik Bhaskar, March 01, 2023.**

Principal

Principal
M.P.N. College,
Mullana (Ambala)

**PRESS RELEASE**

# एमपीएन कॉलेज में विश्व युवा कौशल दिवस मनाया




जगमार्ग न्यूज

बराड़ा। महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज मुलाना में प्रो. डॉ. एकता आनंद की अध्यक्षता में विश्व युवा कौशल दिवस पर उद्यमी वार्ता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इंस्टीटूशनल इनोवेशन काउंसिल द्वारा आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्र के कई उद्यमी शामिल हुए। कार्यक्रम में गांव बुहावी जिला कुरूक्षेत्र से शैलेंदर ने शिरक्त की जोकि सीप-मोती की खेती करते है। कार्यक्रम में विजय गौड ने छात्रों को स्टार्ट-अप की जानकारी दी तो संजीव कुमार ने मशरूम की खेती की बारीकियों के बारे में छात्रों को अवगत करवाया।

इस अवसर पर कालेज की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने कहा कि आज के समय में बेरोजगारी इतनी बढ़ गई है जिसके कारण बेरोजगार युवाओं को मजबूरन अपनी क्षमता से कम स्किल वाली नौकरी में काम करना पड़ता है।

उन्होंने युवाओं से आत्मनिर्भर बनने की अपील की। कार्यक्रम में मंच का संचालन डा. शैली मनन द्वारा किया गया। इस मौके पर सब स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

बराड़ा : महाराणा प्रताप नेशनल (एमपीएन) कालेज मुलाना में प्रो. डा. एकता आनंद की अध्यक्षता में विश्व युवा कौशल दिवस पर उद्यमी वार्ता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्र के कई उद्यमी शामिल हुए। कार्यक्रम में गांव बुहावी जिला कुरुक्षेत्र से शैलेंदर ने शिरक्त की जोकि सीप-मोती की खेती करते हैं।

# विश्व युवा कौशल दिवस मनाया




कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी। (छायाः रहमदीन)

बराड़ा, 13 जुलाई (रहमदीन): महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज मुलाना में प्रो. डॉ. एकता आनंद की अध्यक्षता में विश्व युवा कौशल दिवस पर उद्यमी वार्ता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इंस्टीटूशनल इनोवेशन काउंसिल द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्र के कई उद्यमी शामिल हुए। कार्यक्रम में गांव बुहावी जिला कुरूक्षेत्र से शैलेंदर ने शिरक्त की जोकि सीप-मोती की खेती करते है। कार्यक्रम में विजय गौड ने छात्रों को स्टार्ट-अप की जानकारी दी तो संजीव कुमार ने मशरूम की खेती की बारीकियों के बारे में छात्रों को अवगत करवाया। इस अवसर पर कालेज की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने कहा कि आज के समय में बेरोज़गारी इतनी बढ़ गई है जिसके कारण बेरोजगार युवाओं को मजबूरन अपनी क्षमता से कम स्किल वाली नौकरी में काम करना पड़ता है। कार्यक्रम में मंच का संचालन डा. शैली मनन द्वारा किया गया। इस मौके पर सब स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# एमपीएन कॉलेज में विश्व युवा कौशल दिवस मनाया

बराड़ा। महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज में प्रो. डॉ. एकता आनंद की अध्यक्षता में विश्व युवा कौशल दिवस पर उद्यमी वार्ता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इंस्टीटूशनल इनोवेशन काउंसिल द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्र के कई उद्यमी शामिल हुए। कार्यक्रम में गांव बुहावी जिला कुरूक्षेत्र से शैलेंदर ने शिरक्त की जोकि सीप-मोती की खेती करते है। कार्यक्रम में विजय गौड ने छात्रों को स्टार्ट-अप की जानकारी दी तो संजीव कुमार ने मशरूम की खेती की बारीकियों के बारे में छात्रों को अवगत करवाया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डा. राजश्री खरे ने कहा कि आज के समय में बेरोजगारी इतनी बढ़ गई है जिसके कारण बेरोजगार युवाओं को मजबूरन अपनी क्षमता से कम स्किल वाली नौकरी में काम करना पड़ता है।

**Dr. Shelly Mannan**
**Assistant Professor & HOD English**

**Principal**

Principal
M.P.N. College,
Mullana (Ambala)

# रैली निकाल कर मोटे अनाज के बारे में जागरूक किया




महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय मुलाना में श्री अन्न मिलेट की उपयोगिता पर गांव सिरसगढ़ में जागरूकता रैली निकालते हुए।

**संस, मुलाना:** महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय मुलाना में श्रीअन्न मिलेट की उपयोगिता विषय पर गांव सिरसगढ़ में जागरूकता रैली व विस्तृत व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस व एनसीसी विंग (सीनियर डिवीजन) व यूथ रेडक्रास के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। प्राचार्या डा. राजश्री खरे ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में खाद्य सुरक्षा व पोषण के लिए श्रीअन्न मिलेट के योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।


RATAP NATIONAL COLLEGE
(MULLANA)
RIBBON
MAHARANA PRATAP NATIONAL
(P.G.) COLLEGE
MULLANA (AMBALA)



# पोस्टर प्रतियोगिता में कोमल ने मारी बाजी

बराड़ा। महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में जल संरक्षण विषय पर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा 'पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया । इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्राचार्या ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टर से संबंधित प्रश्न पूछकर उनकी प्रतिभा का मूल्यांकन किया। सही जवाब व उत्तम पोस्टर बनाने वाले छात्रों को विजयी घोषित किया। प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने कहा कि बारिश के पानी का संरक्षण बहुत जरूरी है ताकि प्राकृतिक संसाधनों की कोई कमी ना हो। प्रतियोगिता की संयोजक प्रो. अमरजीत कौर व कार्यक्रम सह-संयोजक डॉ. विजय चौहान रहे।

# सबसे अच्छा नारा लिख अंकिता ने मारी बाजी



# खबर संक्षेप

## 'जल संरक्षण' विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता

बराड़ा। महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय मुलाना में उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जाने वाले जल शक्ति अभियान के अंतर्गत आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा 'जल संरक्षण' विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जल के बिना जीवन संभव ही नहीं है। पानी के अभाव में पृथ्वी पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पानी की कमी से कई तरह की बीमारियां, प्रदूषण जैसी समस्याएं बढ़ती हैं।



# जल संरक्षण विषय पर प्रतियोगिता आयोजित

दैनिक भास्कर अम्बाला भास्कर 21-04-2023

# जल संरक्षण पर प्रतियोगिता में अंकिता प्रथम

बराड़ा | महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय मुलाना में उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जाने वाले जल शक्ति अभियान के अंतर्गत आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा 'जल संरक्षण' विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता कराई गई। प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने कहा कि जल के बिना जीवन संभव नहीं है। आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. विजय चौहान ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को घटते जलस्तर पर जागरूक करना और जल संरक्षण के उपायों पर प्रकाश डालना है। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. जेपी सैनी वाणिज्य विभागाध्यक्ष, प्रो. अमरजीत कौर अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष रहे। प्रतियोगिता में बीए सेकंड की अंकिता ने पहला, बीए फर्स्ट के सौरव व बीए सेकंड ईयर की प्रीति ने दूसरा तो बीए सेकंड की मुस्कान, आकाश व रोहित तीसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. पूजा शर्मा व सह-संयोजक डॉ. आशुतोष शर्मा ने करते हुए अपनी प्रभावी कार्यशैली से कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित की।

# Glimpses of the Camp

## स्वंयसेवकों ने कालेज कैंपस में चलाया सफाई अभियान



कालेज कैंपस की सफाई के दौरान स्वयं सेवक। ● विज्ञप्ति

मुलाना : एमपीएन कालेज की ओर से चलाए जा रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के पांचवें दिन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जय भगवान के दिशा-निर्देशन में स्वयं सेवकों ने जहां स्वच्छता को लेकर गांव सिरसगढ़ से ... तक रैली निकाली तो वहीं स्वयं सेवकों ने कालेज के ग्राउंड की साफ-सफाई की। इस दौरान स्वयं सेवकों ने खेल के मैदान व कालेज कैंपस में उगी अनावश्यक घास को भी साफ किया। कालेज प्राचार्य डा. राजश्री खरे ने एनएसएस वालंटियर्स के द्वारा किए गए समाज सेवा के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। सायंकालीन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डा. सीके झा ने सभी छात्रों को अपने भीतर मानवता की भावना पैदा करने व समाजसेवा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रो. अमरजीत कौर, प्रो. अश्विनी कुमार, प्रो. जशवंती व जगदीश आदि मौजूद रहे। (स सं)

## एन.एस.एस. शिविर सम्पन्न



बराड़ा : कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कालेज स्टाफ। (छाया : रहमदीन)

बराड़ा, 4 दिसम्बर (रहमदीन) : गांव सिरसगढ़ में एमपीएन कॉलेज मुलाना की ओर से चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप का विधिवत रूप से समापन हो गया। कैंप के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र से एनएसएस के कॉआर्डिनेटर डॉ. आनंद कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में गांव के सरपंच रामनाथ शामिल हुए। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जयभगवान ने सात दिन तक चले कैंप की रिपोर्ट पेश की। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्यातिथि ने स्वयंसेवकों को मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विक्रम को बेस्ट कैंपर व दीपक, राहुल, राहुल कुमार व चनप्रीत को बेस्ट वॉलिंटियर का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। डॉ. आनंद कुमार ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉ. सी.के झा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. एकता आनंद, प्रो. मीनाक्षी, प्रो. शक्ति, प्रो. जसवंती, डिप्टी सुप्रिंटेंडेंट संदेश राणा, राजेश व जगदीश आदि मौजूद रहे।

## स्वयं सेवकों को कानूनों की जानकारी दी

बराड़ा, 3 दिसम्बर (रहमदीन) : एमपीएन कॉलेज मुलाना की एनएसएस यूनिट की तरफ से चल रहे कैंप के छठे दिन प्रो. जय भगवान के दिशानिर्देश में सभी स्वयंसेवकों ने सिरसगढ़ गांव में एक सर्वे किया जिसमें पूरे गांव से डाटा इकट्ठा किया गया ताकि आगे की गतिविधियों के लिए गांव की पूरी जानकारी हो। इसके पश्चात सिरसगढ़ गांव की नवनिर्वाचित पंचायत ने अंबेडकर भवन पहुंचकर स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की तथा मिठाई बांटकर स्वयंसेवकों का सम्मान किया। इसके पश्चात खेल प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने सभी जीतने वाले स्वयंसेवकों को बधाई दी। सायं काल सत्र में मुख्य वक्ता एडवोकेट अरुण कुमार बिड़लान ने स्वयंसेवकों को विद्यार्थी जीवन से संबंधित कानूनों की जानकारी दी। डॉ. सी के झा ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया। इस अवसर पर गांव की पंचायत से सरपंच रामनाथ नंबरदार नरेश अमरनाथ व पंचायत के सदस्य नवनीत, राजवीर, निशा रानी, करमचंद, सुशीला रानी, मनदीप कौर, कर्मवीर, सोनिया रानी, डॉक्टर पवन कुमार, कुलदीप दत्ता, एडवोकेट सुनील, अमित खरबंदा, मोहन लाल, सरदारा राम, धर्मेंद्र, राजकुमार आदि मौजूद थे।



